# कुलानुशासक कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय

दिनांक 20.02.2019

**प्रेस–विज्ञप्ति**

आगामी दिनांक 25.02.2019 से प्रारम्भ हो रही लखनऊ विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षा 2018–2019 में शुचिता, पवित्रता एवं गोपनीयता बनाये रखने की दृष्टि से निम्नवत् व्यवस्था प्रभावी रहेगी ।

1. विश्वविद्यालय परिसर में परीक्षार्थियों को उनके प्रवेश पत्र देखकर प्रातः 7.30 बजे से द्वार संख्या 1,4 एवं 5 से अन्दर आने की अनुमति दी जायेगी ।
2. परीक्षा ड्यूटी में नियोजित शिक्षक एवं कर्मचारी द्वार संख्या 1,4 एवं 5 पर अपने वाहन रखने के बाद पूर्व की भाँति परीक्षा परिसर में आने का कष्ट करें ।
3. परीक्षार्थी अपने साथ परीक्षा से सम्बन्धित कोई पाठ्य सामग्री मोबाइल फोन या बैग आदि नहीं लायेंगे । निरीक्षण के समय उनके पास ऐसी सामग्री पाये जाने पर उसे मुख्य द्वार के बाहर रखवा दिया जायेगा, जिसकी सुरक्षा की कोई जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की नहीं होगी । यदि यह सामग्री परीक्षा कक्ष में पायी जायेगी तो अनुचित साधन प्रयोग के अर्न्तगत उनकी परीक्षा निरस्त की जा सकती है ।
4. परीक्षार्थी अपने निर्धारित स्थल पर बैठकर ही परीक्षा देंगे । निर्धारित स्थल के अतिरिक्त अन्य जगह पर बैठकर परीक्षा देने पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी ।
5. परीक्षा अवधि में अनाधिकृत रूप से परिसर में प्रवेश करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध विधि सम्मत दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी । अभिभावकों से अनुरोध है कि वे भी परीक्षावधि में परिसर के बाहर ही रहने का कष्ट करें ।
6. लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर तथा छात्रावासों में आग्नेयास्त्रों (वैधानिक एवं अवैधानिक) का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा ।
7. कक्ष निरीक्षकों से अनुरोध है कि वह किसी भी परीक्षार्थी का मोबाइल अपने पास न जमा करें ।
8. समस्त संकायाध्यक्षों से अनुरोध है कि वे अपने स्तर से भी उपरोक्त व्यवस्था का कियान्वयन सुनिश्चित करवाने में विश्वविद्यालय प्रशासन की सहायता करें तथा परीक्षा कक्ष के अन्दर कोई भी पाठ्य सामग्री, मोबाइल फोन या बैग आदि ले जाने की अनुमति न प्रदान करें । जिस परीक्षार्थी के पास ये सामग्रियाँ पायी जायेगी वह अनुचित साधन प्रयोग का दोषी माना जायेगा ।

**(प्रो0 विनोद सिंह)**

संख्या : 506–515 दिनांक 20.02.2019

प्रतिलिपि माननीय कुलपति महोदय, लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित ।

प्रतिलिपि **सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु** :–

1. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
2. समस्त संकायाध्यक्ष , लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
3. कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ ।
4. वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ ।
5. परीक्षा नियंत्रक, लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ ।
6. निदेशक, आई0पी0पी0आर0, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना समस्त सम्मानित समाचार–पत्रों में प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
7. पुस्तकालयाध्यक्ष,टैगोर/सी0 एल0एल0पुस्तकालय,लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ ।
8. इंचार्ज वेबसाहट को आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उक्त सूचना अपलोड करवाने का कष्ट करें ।
9. प्रभारी, पुलिस चौकी, लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ ।

**(प्रो0 विनोद सिंह)**
कुलानुशासक